मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी"
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# जिला अस्पताल में वृद्धा की मौत, अफरा-तफरी

## मेडिकल वार्ड में होता रहा हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा

अयोध्या कार्यालय।

- पेट और कमर में दर्द की शिकायत पर इमरजेंसी ओपीडी में लेकर पहुंचे थे परिवारीजन

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में इलाज के दौरान एक वृद्धा की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। इससे वार्ड में अफरातफरी जैसा माहौल हो गया। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे नगर कोतवाल ने मोर्चा संभाला और आक्रोशित लोगों को शांत कराया।

गोंडा जिले के थाना छपिया अंतर्गत ग्राम तिरुखा बुजुर्ग निवासी कौशल्या सिंह (60) पत्नी सुरेश सिंह के बड़े पुत्र पवन और अवधेश ने आरोप लगाया कि उनकी मां को मात्र पेट और कमर में दर्द की शिकायत थी। उन्हें मंगलवार सुबह करीब 10 बजे इमरजेंसी ओपीडी में लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मेडिकल वार्ड में भर्ती करा दिया। परिजनों के अनुसार, भर्ती के बाद ग्लूकोज की ड्रिप लगाई गई, जिसके तुरंत बाद मां की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। आरोप लगाया कि तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने तत्काल ऑक्सीजन की मांग की, लेकिन स्टाफ ने कहा कि वार्ड में ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं है। जब उन्होंने चिकित्सक और नर्स से संपर्क करने की कोशिश की तो कथित तौर पर धक्का-मुक्की की गई। आरोप है कि आवश्यक उपकरणों और दवाओं की कमी के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे उनकी मां की हालत और खराब हो गई। कुछ घंटों बाद ही मां ने दम तोड़ दिया। इससे भड़के परिवारीजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही, डॉक्टरों और स्टाफ की असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उनका कहना था कि हम सिर्फ दर्द की शिकायत लेकर आए थे। ग्लूकोज लगवाने के बाद ही हालत बिगड़ी। ऑक्सीजन तक नहीं दी गई। वह कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। हंगामे के बाद वार्ड के अन्य मरीजों को काफी परेशानी हुई। वे यही कहते रहे कि हंगामे के कारण हमारी कोई सुनने ही नहीं आ रहा है।



मेडिकल वार्ड में परिजनों से बात करते नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी व अन्य। अमृत विचार

### डॉक्टर व स्टाफ के साथ भी बदसुलूकी का आरोप

वृद्धा की मौत के बाद का दूसरा पहलू यह भी बताया जा रहा है कि अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के साथ झड़प की गई। उनसे बदसुलूकी भी हुई। चिकित्सक का कॉलर पकड़ लेने की भी बातें सामने आ रही हैं। हालांकि परिजन हंगामे की बात से इन्कार कर रहे हैं।

"इमरजेंसी ओपीडी में चेकअप के बाद वृद्धा को भर्ती किया गया था। चिकित्सकों ने अपना पूरा कर्तव्य निभाया। वृद्धा की मौत के बाद परिजन मायूस थे। उन्होंने बवाल किया। डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया। आवेश में आने के बाद परिजनों को भी अहसास हुआ है। मौत का कारण संभवतः कार्डियक अरेस्ट रहा होगा। **-डॉ. राजेश सिंह, सीएमएस, जिला अस्पताल**"

"मैं मौके पर गया था। परिजनों ने शिकायती पत्र दिया था, लेकिन बाद में वापस ले लिया। शायद उन्हें भी कुछ अहसास हुआ होगा। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इन्कार करते हुए शव लेकर चले गए। **-अश्विनी पांडेय, नगर कोतवाल**"

# अश्वमेघ महायज्ञ में शामिल हुए 10 हजार भक्त

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** सरयू तट पर अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के तत्वाधान में आयोजित अश्वमेघ महायज्ञ में शामिल होने दिल्ली, मुंबई, बिहार, उत्तर प्रदेश समेत लगभग सात प्रदेश से लगभग 10 हजार भक्त पहुंचे हैं। सुबह 6 बजे ध्यान योग का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में विधि-विधान से पूजन कर आहुति डाली।

इस दौरान आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में मातेश्वरी परिवार के संस्थापक सद्गुरु महाराज ने कहा कि यह धरती जहां साक्षात भगवान राम ने अपने अवतार के लिए चुना था। जो अपने आदर्श को स्थापित करने के लिए समस्त परिवार राज्य पाठ को छोड़कर जंगल में चले गए। उनका सम्पूर्ण जीवन कष्टों से भरा रहा। हमें अपने जीवन में भगवान राम, लक्ष्मण, मां सीता से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ी अखाड़े के पूर्व श्रीमहंत धर्मदास, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती के शिष्य शिवकुमार दास, श्रेष्ठा आचार्य सुदर्शन महाराज, राष्ट्रीय महासचिव धर्मानंद पांडे, आचार्य अत्री, मीडिया प्रभारी आचार्य विश्वामित्र, आचार्य देवेंद्र, आचार्य जैनेन्द्र, आचार्य सुकृति जी समेत पूर्वांचल के हजारों व थाईलैंड के विदेशी श्रद्धालु मौजूद रहे।



सरयू के तट पर अश्वमेघ यज्ञ में अनुष्ठान करते श्रद्धालु।

# रामनगरी का 'नक्षत्र' चमका, भारत देखेगा हुनर

अयोध्या कार्यालय।

- रानोपाली निवासी नक्षत्र का 9 एक्सएम के लोकप्रिय शो हुनर के मंच में चयन
- अयोध्या एकेडमी में कक्षा छह का है विद्यार्थी

**अमृत विचार :** रामनगरी में एक नया 'नक्षत्र' चमक उठा है। रानोपाली निवासी 12 वर्षीय प्रतिभाशाली नक्षत्र कुमार का चयन प्रसिद्ध नेशनल म्यूजिक चैनल 9एक्सएम के लोकप्रिय रियलिटी शो हुनर का मंच में हुआ है। नक्षत्र का चयन देश भर से आए हजारों प्रतियोगियों में से हुआ है, जिसमें केवल 50 प्रतिभागियों को जगह मिली है। उत्तर प्रदेश से मात्र 5-6 बच्चों का ही चयन हुआ है, जिसमें नक्षत्र का नाम शामिल होना अयोध्या और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

नक्षत्र अयोध्या एकेडमी में कक्षा छह का छात्र है। उसके पिता कार्तिक कुमार मूल रूप से बस्ती जिले के परसरामपुर गांव (पेरीपोखर) के निवासी हैं। वे अपना व्यवसाय ऑनलाइन माध्यम से संचालित कर रहे हैं। कार्तिक बताते हैं ऑडिशन के बाद जब ईमेल से चयन की सूचना मिली, तो घर में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। माता कालिंदी देवी ने बताया कि नक्षत्र बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखता है। उसने अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया है, जहां वह अपने गाए हुए गीत अपलोड करता है। वर्तमान में अयोध्या के प्रसिद्ध संगीतज्ञ देव प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन में संगीत की प्रभाकर डिग्री की शिक्षा प्राप्त कर रहा है। पिता कार्तिक ने बताया कि आने वाले दिनों में चैनल की टीम शूटिंग के लिए अयोध्या आएगी। घर के वीडियो और परिजनों के इंटरव्यू करने की बात हुई है।




यह तस्वीर नक्षत्र के ऑडिशन देने के बाद की है।

# किसान सम्मान निधि के लिए अपडेट करें डेटा

**अयोध्या, अमृत विचारः** केंद्र सरकार साल भर में छह हजार रूपये किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को प्रदान करती है। यह तीन किश्तों में दिये जाते हैं। बड़ी संख्या में किसानों को यह राशि नहीं मिल पा रही है। जिन किसानों को सम्मान निधि की किस्त नहीं मिल रही और पात्र हैं। वह भारत सरकार के पोर्टल पर सूचनाएं अपडेट करा सकते हैं। वह लोग भी जिनके पास एक फरवरी के बाद खेती की जमीन आई और वह काश्तकार बने। विभाग द्वारा जारी पोस्टर में बताया गया है कि भारत सरकार के पोर्टल www.pmkisan.gov.in पर उपलब्ध update missing information के तहत किसान स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से सूचनाएं एवं वांछित दस्तावेज को अपलोड कराएं। इससे सम्मान निधि आने का रास्ता साफ हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### वित्तीय साक्षरता गोष्ठी का आयोजन

**रानी बाजार, अमृत विचार :** मसौधा ब्लॉक क्षेत्र के अमौना ग्राम पंचायत भवन पर भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया गया। एरिया मैनेजर क्रिसिल फाउंडेशन अखिलेश मिश्रा ने केवाईसी, बीमा, साइबर फ्राड, सुकन्या, किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सीवीओ अजय यादव, सेंटर मैनेजर सुरेंद्र यादव, आलोक, रत्न शुक्ल, ग्राम प्रधान राजकुमार, पंचायत सहायक अलका रावत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### मंडलीय कार्यशाला का आयोजन 12 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में 12 फरवरी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कल्याण मंडपम में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी सुबह 11 बजे नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार की मौजूदगी में करेंगे। कार्यशाला में अपर निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ऋतु सुहास की अगुवाई में पांच सदस्यीय दल नगर निकाय से जुड़े 110 अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों में मंडल के सभी पांचों जिलों के अपर जिलाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन, क्षेत्रीय प्रबंधक वैभव पांडे, सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी शामिल होंगे।

### ब्लॉकों में विधिक साक्षरता शिविर आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** आम जनता के विधिक सशक्तिकरण के लिए 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन होगा। यह सभी तहसील विधिक सेवा समितियों के तत्वावधान में किया जाएगा। विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से रंजिनी शुक्ला ने बताया कि इसके मद्देनजर पूराबाजार ब्लॉक में 11, मया बाजार व रुदौली में 12, सोहावल व मवई में 13, मसौधा आंशिक में 16, हैरिंग्टनगंज आंशिक में 17, अमानीगंज में 18, तारुन में 20 और बीकापुर में 21 फरवरी को शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### थाने से सीएम पोर्टल तक शिकायत नहीं हुआ निदान

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन थाना क्षेत्र के बल्लीकृपालपुर गांव में एक परिवार के बच्चों को लगातार धमकी दिए जाने का आरोप है। थाना व तहसील दिवस, बड़े अफसरों के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई लेकिन निदान चार महीने बाद भी नहीं हो पाया। पीडित गांव निवासी अनिल सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार की है। तारुन पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### नवीन मंडी में अव्यवस्था का हो निराकरण

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नवीन मंडी गोसाईगंज में फल मंडी के दुकानदारों में नाराजगी है। मंडी प्रशासन की उदासीनता के चलते फल विक्रेता आढ़तियों के सामने ऑटो रिक्शा, हाफ डाला, डीसीएम व अन्य चार चक्का वाहन बेधड़क खड़े कर दिए जाते हैं। समाजसेवी चांद बाबू राइन, नवाब, राजन, आकाश सोनकर, सूरज साहू सहित अन्य व्यापारियों ने कहा कि दुकान के सामने वाहन खड़े हो जाने से ग्राहकों का आवागमन बाधित हो जाता है। बिक्री पर सीधा असर पड़ता है। मांग की कि मंडी प्रशासन तत्काल सख्त कदम उठाए और दुकानों के सामने जबरन वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि मंडी में सुचारु व्यापार और व्यवस्था बनी रह सके।

## होलिका दहन को लेकर विवाद की स्थिति

**गोसाईगंज, अमृत विचारः** नगर के कटरा मोहल्ले में होलिका दहन को लेकर होलिका दहन कमेटी और स्थानीय व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताया जा रहा है कि करीब 20 वर्षों से अयोध्या-अंबेडकरनगर मुख्य मार्ग पर स्थित एक जर्जर मकान के पास पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया जाता रहा है। अब उसी स्थान पर मकान और दुकानों का निर्माण हो जाने से आगजनी की आशंका बढ़ गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्कर्ष जायसवाल ने कहा कि यदि होलिका दहन कमेटी और मोहल्ले के लोग सहमत हों तो पुराने चिन्हित स्थान पर ही होलिका दहन कराया जा सकता है। फिलहाल प्रशासन, कमेटी और स्थानीय लोगों के बीच संवाद जारी है, ताकि परंपरा और सुरक्षा के बीच संतुलित समाधान निकाला जा सके।

# कचहरी व स्पोर्ट्स कांपलेक्स में होगा शौचालय का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

- 100 सफाई कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में किया जाएगा प्रशिक्षित
- जनसुनवाई संभव में किया गया 12 समस्याओं का समाधान

**अमृत विचारः** स्पोर्ट्स एवं कचहरी में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही 100 सफाई कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। उक्त जानकारी मंगलवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दी। वह नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई संभव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान आईं 20 में 12 समस्याओं का समाधान कराया। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सड़क, इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण से जुड़ी आठ मांगों को जांच के लिए निर्माण विभाग को सौंपा।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं का निदान प्राथमिकता से करें। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर पार्षद अनूप श्रीवास्तव ने नरेंद्रदेव वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता जताई। राकेश मिश्र ने अवैद्यनाथ वार्ड के श्रीरामपुरम कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण, सुनील पांडेय ने दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में नाली निर्माण की मांग की। करम अलीपुरवा निवासी दुर्गावती मौर्य ने जलकर एवं गृह कर का जनरल सर्वे कराने, नियावां के वसीम ने कर ज्यादा आने की शिकायत की। इस मौके पर पार्षद जयनारायण सिंह, अनुज दास, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता सिविल पुनीत कुमार ओझा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



नगर निगम कार्यालय में समस्याओं को सुनते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

# बड़ी परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले में चल रही चौरासीकोसी, चौदहकोसी, आवास विकास परिषद और रिंग रोड परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और प्रतिकर भुगतान की समीक्षा की।

रिंग रोड और आवास विकास परिषद से संबंधित अवशेष ग्रामों के अभिनिर्णय किए जाने के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिया। साथ ही काश्तकारों को अवशेष धनराशि का शीघ्र भुगतान कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि जिन स्थानों पर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। उसे वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू.अ.) कौशल कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमित भट्ट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार, पेशकार व लेखपाल समेत छह पर दर्ज करें रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

- बिना आपत्तिकर्ता को नोटिस दिए ही कर दिया आदेश
- आदेश होने के बाद पत्रावली में शामिल किया लेखपाल का बयान

**अमृत विचारः** नामांतरण के एक मुकदमे में बिना आपत्तिकर्ता को नोटिस दिए ही आदेश कर दिया गया। आदेश होने के बाद पत्रावली में कब्जे से संबंधित लेखपाल का बयान दाखिल किया गया। इसकी असलियत कोर्ट में खुली तो कोर्ट ने नायब तहसीलदार नगर स्नेहिल वर्मा, पेशकार शिव दर्शन वर्मा, हलका लेखपाल देवगढ़ अंकित मिश्रा तथा बरई पारा निवासी हरीश कुमार, रोहित कुमार और शंभू नाथ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से मंगलवार को हुआ। कोर्ट ने कोतवाल नगर को रिपोर्ट दर्ज करके तीन दिन के अंदर कोर्ट को आख्या देने का आदेश भी दिया है।



धीरेंद्र कुमार निवासी बरई पारा थाना गोसाईगंज ने कोर्ट में दी गई अर्जी में कहा है कि उनका एक मुकदमा हरीश कुमार बनाम सुखमता नामांतरण के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार गोसाईगंज की अदालत में विचाराधीन था। इसमें उनके पिता कुंभराज ने 16 जनवरी 2025 को आपत्ति दाखिल करके मौका मांगा था और कोर्ट ने 23 जनवरी 2025 को वाद साक्ष्य के अभाव में निरस्त कर दिया। विपक्षीगण हरीश कुमार, रोहित कुमार, शंभू नाथ निवासी बरई पारा थाना महाराजगंज ने 16 सितंबर 2025 को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें नायब तहसीलदार नगर स्नेहिल वर्मा जो गोसाईगंज के न्यायालय का भी कार्य देख रहे हैं ने बिना नोटिस जारी किए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विपक्षीगण के पक्ष में 17 सितंबर 2025 को आदेश पारित कर दिया। इस आदेश की जानकारी होने पर धीरेंद्र ने पत्रावली का निरीक्षण कराया तो पत्रावली में क्षेत्रीय लेखपाल का बयान अंकित नहीं था और न ही हासिया गवाह शंभू नाथ का बयान अंकित था। उनका वकालत नामा और मौका प्रार्थना पत्र भी पत्रावली से गायब था। आरोप है कि बाद में क्षेत्रीय लेखपाल देवगढ़ अंकित मिश्रा और न्यायालय के पेशकार शिव दर्शन वर्मा ने आदेश के 5 दिन बाद 22 सितंबर 2025 को लेखपाल की रिपोर्ट हासिया गवाह का बयान अंकित करवा दिया, जबकि शंभू नाथ एक साल से शहर के बाहर है। जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई तो पेशकार शिव दर्शन वर्मा ने अपने मोबाइल से धीरेंद्र को जान से मरवा देने की धमकी दी। मामले की प्रारंभिक जांच कोर्ट ने एसडीएम सदर से करवाई उन्होंने अपनी आख्या में बताया कि अंतिम आदेश 17 सितंबर 2025 को वाद को निर्विवाद बताते हुए पारित कर दिया गया। पत्रावली में कब्जे से संबंधित लेखपाल का बयान नहीं था उसे उसका पुनः बयान करवा कर 22 सितंबर को पत्रावली में शामिल किया गया। फाइल में दाखिल शंभू नाथ के बयान और वसीयतनामा की प्रमाणि प्रति पर बने शंभूनाथ के हस्ताक्षरों में भी भिन्नता है। इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।




बीपीसीएल के लिए चयनित आमिर को सम्मानित करते एसीए निदेशक आशुतोष व अन्य।

## बीसीपीएल में चयनित हो आमिर ने बढ़ाया मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या क्रिकेट अकादमी के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ी मो. आमिर खान ने भारतीय कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग के लिए चयनित हो जिले का मान बढ़ाया है। केटी पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में स्मृति चिन्ह भेंट कर आमिर का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अयोध्या क्रिकेट एकेडमी के निदेशक आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि आमिर के चयन ने जिले के अन्य क्रिकेट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन में प्रतिभाग के रास्ते खोल दिए हैं। कहा कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरभ गांगुली द्वारा अयोजित बीसीपीएल के लिए आमिर का चयन जिले के लिए गौरव की बात है। संचालन अयोध्या प्रीमियर लीग के निदेशक सैयद सुभानी ने किया। इस अवसर पर कोच अमित यादव, दीपक कुमार, अकादमी के खिलाड़ी व गणमान्य मौजूद रहे।

राजघराना

महाशिवरात्रि उत्सव की 150 वर्ष की परंपरा, 12 घंटे होगा अनुष्ठान

# शिव-पार्वती विवाह उत्सव का होगा विशेष आयोजन

सत्य प्रकाश, अयोध्या।


- 1852 में राजा दर्शन सिंह ने शिव मंदिर का कराया था जीर्णोद्धार

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व से अयोध्या के राजघराने की भी विशेष परंपरा जुड़ी हुई है। जहां परिवार के बड़े 150 वर्षों से निभाते चले आ रहे है। इस वर्ष भी भगवान शिव के मंदिर में 12 घंटे के विशेष अनुष्ठान होगा। देर शाम विवाह उत्सव की परंपरा भी निभाई जाएगी।

राज सदन परिसर स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राचीन मंदिर स्थापित है। जहां 150 वर्ष पहले महाशिवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान पूजन और भगवान के विवाह उत्सव की परंपरा की शुरुआत हुई। अयोध्या राजा प्रत्येक वर्ष सुबह सात बजे से अनुष्ठान प्रारंभ करते हैं। पूरे मंदिर को सजाया जाता है और भगवान भोलेनाथ की अद्भुत झांकी का भी दर्शन होता है। राजवंश के सुरक्षा के कारण आम श्रद्धालु इस स्थान पर दर्शन करने के लिए नहीं पहुंच सकते है। परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारी व अन्य लोग इस उत्सव में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर खास आयोजन करने की तैयारी है।

अयोध्या राजा दिवंगत विमलेंद्र मोहन मिश्र के भाई शैलेन्द्र मोहन मिश्र ने बताया कि राज सदन में यह शिवाला मेरी जानकारी के अनुसार सैकड़ों वर्ष पुराना है। इस स्थान पर महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ के पूजन विधि की परंपरा भी 150 वर्ष से चल रही है। आज भी उसका निर्वाह किया जाता है। सुबह से भगवान का पूजन और रुद्री पाठ शुरू होकर शाम तक चलेगा। शाम को भगवान का भव्य श्रृंगार कर महाआरती होगी और भोग भी लगाया जाएगा। देर शाम मंदिर परिसर में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के रस्म को प्रतीकात्मक रूप में संपन्न किया जाएगा।





राज सदन में स्थापित प्राचीन विशाल शिव मंदिर एवं मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार (फाइल फोटो)।

### राज सदन में है प्राचीन दर्शनेश्वर महादेव मदिर

अयोध्या के राज सदन परिसर में सैकड़ों वर्ष पूर्व भगवान शिव का मंदिर स्थापित किया गया था। इसके बारे में कोई भी अभिलेख प्राप्त नहीं है। कहा जाता है कि महाराजा विक्रमादित्य ने जब अयोध्या में राम जन्मभूमि की स्थापना की थी, तो उनकी सुरक्षा और पहचान के लिए रामकोट के चार प्रमुख द्वार पर भगवान भोलेनाथ के मंदिर की स्थापना की थी। जिसमें उत्तर में प्राचीन नागेश्वरनाथ, दक्षिण क्षीरेश्वर नाथ, पश्चिम में कोटेश्वर महादेव मंदिर और पूर्वी क्षेत्र में राज सदन में दर्शनेश्वर महादेव मंदिर स्थापित है। जिसका जीर्णोद्धार 1852 में राजा दर्शन सिंह ने कराया था। मंदिर के पुजारी अवध किशोर पाठक ने बताया कि इस मंदिर में पहले रामेश्वर का शिवलिंग स्थापित था। राजा दर्शन सिंह को नर्वदेश्वर महादेव प्राप्त हुए थे। जिसके बाद यहां पर उनकी स्थापना की हुई। इस मंदिर में भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान सूर्य और नंदी बाबा की विशाल मूर्ति स्थापित है।

## गजक-चिक्की के लिए मिले 22 लाख रुपये

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गजक-चिक्की खिलाने के लिए फरवरी माह की धनराशि जारी कर दी गई है। हालांकि जनवरी माह में राशि न मिलने से शिक्षकों को परेशानी हुई थी। अब फरवरी के लिए जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के 5.45 लाख बच्चों की गजक और चिक्की के लिए कुल 22 लाख 28 हजार की धनराशि मिली है। बीएसए लालचंद ने बताया कि गजक और चिक्की के लिए धनराशि हर माह समय से जारी की जाती है। किसी भी विद्यालय को कोई परेशानी नहीं होगी। बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और योजना सुचारू रूप से संचालित की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

### रालोद नेता को भ्रातृ शोक, श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के बड़े भाई पंकज वर्मा का निधन होगा। उनके के पैतृक गांव पिलखावां मजरे चिरैंधापुर में शोकसभा करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत, उपाध्यक्ष अवधेश रावत, प्रमोद श्रीवास्तव, रामशंकर वर्मा, अजित वर्मा सहित विभिन्न दलों के लोग शामिल थे।

### कथा वाचक ने रामायण के प्रसंग सुनाए

**सोहावल, अमृत विचार :** क्षेत्र के अरथर गांव में आयोजित संगीतमयी रामकथा में विभिन्न प्रसंगों को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथाव्यास राम जी महाराज ने प्रभु राम की सुग्रीव मित्रता से लेकर बालि बध, सुग्रीव को किष्किंधा के राजा के रूप में राजतिलक और हनुमान जी का लंका के लिए प्रस्थान, सुरसा नामक राक्षसी का संवाद, लंका दहन का प्रसंग सुनाया। कथा में आयोजक कुलदीप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोहावल, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के सुचितागंज रेलवे फाटक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर कांग्रेस नगर अध्यक्ष आमिल कुरैशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सोहावल को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम सोहावल सविता देवी ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

# मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा : पहले दिन 34 अनुपस्थित

## मुंशी मौलवी सेकेंडरी फारसी व अरबी और आलिम सीनियर सेकेंडरी का एग्जाम

अयोध्या कार्यालय।



फार्बस इंटरमीडिएट कॉलेज में परीक्षार्थियों की चेकिंग करते अध्यापक।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी मौलवी सेकेंडरी फारसी व अरबी और आलिम सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा शुरू हो गई है।


जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में कुल 571 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इन परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सचल दल नियुक्त किए गए हैं, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रथम दिन कुल पंजीकृत 161 छात्र/छात्राओं में से 127 उपस्थित रहे, जबकि 34 अनुपस्थित रहे। पहले दिन 406 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दल द्वारा निरंतर भ्रमण किया गया। पहले दिन किसी भी केंद्र पर अनुचित साधनों (नकल आदि) का कोई मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रही।




● गायत्री पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

गुडलक पार्टी के दौरान मौजूद विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सफलता और सौभाग्य की मंगलकामनाओं के साथ मंगलवार को गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की गई उनकी मेहनत और लगन के सम्मान में आयोजित किया गया है। उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने छात्रों को परीक्षा के भय से दूर रहते हुए सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। किरन यादव ने अपनी रचना के माध्यम से बताया कि शांत दिमाग सबसे बड़ा हथियार होता है और सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पूरे शैक्षणिक सत्र के अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्रभा शंकर शुक्ल, राम सूरत तिवारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए गए।



शोभायात्रा पहुचने पर माला पहनाकर स्वागत करते पेट्रोलियम डीलर्स एशोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह।

### त्रिशूल शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से 2 फरवरी को निकाली गई महात्रिशूल यात्रा मंगलवार को बीकापुर स्थित शिव मंदिर रमपुरवा होते हुए अयोध्या पहुँची। अवध विवि के पास राजपूत पेट्रोल पंप पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद/ पेट्रोलियम डीलर्स एशोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के संयोजक अमित योगी ने बताया कि यह त्रिशूल 60 फिट ऊंचा व 800 किग्रा वजनी है। छिंदवाड़ा से अयोध्या तक पहुंचने में नौ दिन लगे। यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति शिव भक्ति और धार्मिक एकता का संदेश देना है। महाशिवरात्रि के दिन इस दिव्य त्रिशूल को मंदिर पर स्थापित कराया जाएगा। इस अवसर पर सूर्यभान सिंह, अनिल सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आदित्य सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## 2200 विद्यार्थियों को खिलाई अल्बेंडाजोल की दवा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने अवध इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को अल्बेंडाजोल दवा खिलाकर अभियान शुरू किया। जिले में 01 से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों व युवाओं का यह दवा खिलाई जाएगी।

इस विद्यालय में 2200 बच्चों को अल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई। कहा कि दवा खिलाते समय यह ध्यान रखना है कि किसी को भी खाली पेट न दी जाए। हर छह माह के बाद यह दवा खिलाई जाती है। जिले में कुल 11 लाख 20 हजार 200 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीसी भारती, जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणी शुक्ला, अर्बन नोडल डीपीएम राम प्रकाश पटेल, विद्यालय प्रबंधक अतुल सिंह, चेयरमैन शांतनु सिंह, प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता समेत शिक्षक व अन्य स्टाफ मौजूद था।



सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया की मौजूदगी में अल्बेंडाजोल की दवा खाती विद्यार्थी।

● सीएमओ ने अवध इंटरनेशनल के बच्चों को दवा खिला शुरू किया अभियान



सरस्वती शिशु मंदिर शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर के कार्यक्रम में पूजन करते प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार

### अनन्या व उत्कर्ष को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ ईयर 2025 एवार्ड

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटरकॉलेज तुलसीनगर में मंगलवार को कक्षा द्वादश के भैया/बहनों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने कहा कि थोड़ी सी असफलता से विचलित न हों, निरन्तर प्रयास करने से आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस अवसर पर द्वादश की अर्पिता कश्यप को मिस फेयरवेल चयनित किया गया। बहन अनन्या पांडेय एवं भैया उत्कर्ष यादव को ' 'स्टूडेन्ट ऑफ द इयर 2025 का पुरस्कार प्रदान किया गया। आचार्य मुकेश तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन कक्षा एकादश की छात्रा अन्विता पांडे ने किया। इस अवसर पर कक्षाचार्य परमात्मादीन रामजी मिश्रा, प्रथम सहायक आचार्य लल्ला सिंह, अरविंद, उत्तम कुमार, विनीत आदि मौजूद रहे।



मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से निकली शोभायात्रा में 60 फीट लंबी त्रिशूल का बीकापुर पहुंचने पर स्वागत हुआ। अमृत विचार

# छिंदवाड़ा से निकली महात्रिशूल सनातन यात्रा का भव्य स्वागत

बीकापुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से निकली महात्रिशूल सनातन यात्रा का मंगलवार को यहां जगह-जगह स्वागत किया गया। महादेव का त्रिशूल श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र रहा। यह 60 फीट लंबी ऊंची 11 फीट चौड़ी स्टील धातु से निर्मित है।

स्वागत का सिलसिला मंगलवार की सुबह खजुरहट से ही शुरू हो गया। खजुरहट में जेसीबी से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। धनंजय सिंह, मनोज सिंह, राजीव सिंह, पवन चौरसिया, विनोद, मनीष आदि मौजूद रहे। शेरपुर पारा में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, दिग्विजय सिंह , राजकुमार राजू वर्मा, गोविंद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, प्रधान सतीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। बीकापुर बाजार में सीएचसी के सामने चंद्र प्रकाश सोनी, राजेंद्र पांडे, राकेश तिवारी, दीपक तिवारी, सुधीर तिवारी, अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने त्रिशूल दर्शन करके स्वागत किया। आजाद नगर, तेंदुआ माफी बीकापुर में डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, विशाल मौर्य, बबलू श्रीवास्तव, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, गुड्डू शुक्ला, शैलेंद्र पांडे मोनू, सरिता दूबे, मिथिलेश पाठक सहित तमाम श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के बीच पुष्प वर्षा की। महिलाओं ने त्रिशूल की आरती उतारी। प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। सुरक्षा में इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।

● बुलडोजर से की गई पुष्प वर्षा, उतारी आरती

**विघ्नेश्वर मंदिर में समापन, होगी प्राण प्रतिष्ठा :** यात्रा के संयोजक अमित जोगी ने बताया कि छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश से प्रारंभ हुई त्रिशूल सनातन शोभा यात्रा भरतकुंड अयोध्या होकर शाहगंज पहुंचेगी। शाहगंज के रमपुरवा में स्थित करीब 500 साल प्राचीन पौराणिक शिव जी के शिवाला श्री विघ्नेश्वर धाम पहुंच कर महा त्रिशूल यात्रा का समापन होगा। वैदिक कर्मकांड के अनुसार विघ्नेश्वर मंदिर मे विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के साथ त्रिशूल स्थापित कराया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान और पेट्रोल पंप चन्दीपुर नगाहरा विशाल भंडारे का आयोयोजन होगा।

## टीईटी प्रकरण पर शिक्षकों ने भरी आंदोलन की हुंकार

अयोध्या कार्यालय



नीलमणि त्रिपाठी



डॉ. चक्रवर्ती सिंह

**अमृत विचार :** सांसद लालजी वर्मा द्वारा संसद में पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के जवाब से आक्रोशित संगठन के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा की सरकार का दोहरा चरित्र सामने आ गया। सरकार को राज्यों से आंकड़े मंगा कर शिक्षकों के अस्तित्व पर आए संकट का हल निकालना चाहिए। केंद्रीय मंत्री के बयान की निंदा करते हुए शिक्षकों ने ट्विटर पर अभियान चलाया है।

जिला मंत्री डॉ.चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि 50 से 55 की उम्र के शिक्षकों को टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता कहां तक न्यायोचित है। भविष्य में निर्णायक आंदोलन करके सरकार को 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा। शिक्षक जनप्रतिनिधियों के छद्म व्यवहार से आहत है। अब प्रबल आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी से 20 से 25 वर्ष तक शिक्षण कर चुके शिक्षकों के अनुभव और योग्यता को नकारते हुए टेट की अनिवार्यता जैसा प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध फैसला आया। जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं द्वारा शिक्षकों के अहित न होने का आश्वासन देकर संसद में गैर जिम्मेदाराना बयान देने से समूचा शिक्षक समुदाय उद्वेलित है।

जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने कहा कि इससे 20 लाख शिक्षक एवं उनके परिजन प्रभावित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है, सरकार को यह निर्णय वापस करना ही होगा। संगठन के प्रांतीय नेतृत्व ने भविष्य में बड़े आंदोलन का निर्णय लिया है। संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षकों को इस बाबत तैयार रहने के लिए कहा गया है। ट्विटर अभियान में अजय सिंह, अविनाश पांडे, मुकेश प्रताप सिंह, संतोष यादव, अनिल सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

## डीएम ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश



कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालय का अभिलेखों को चेक करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों और पटलों का निरीक्षण किया। परिसर के आवासीय/अनवासीय भवनों में साफ-सफाई, आम लोगों के बैठने, पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग, भवन मरम्मत आदि का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी, एडीएम वित्त एवं राजस्व सहित विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



मेधा ऋषि आश्रम तक पैदल भ्रमण करते रुदौली विधायक रामचंद्र यादव।

### विधायक ने की विकास पर चर्चा

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मां कामाख्या धाम परिसर में विधायक रामचंद्र यादव ने एक समारोह का आयोजन किया। इसमें पत्रकारों से क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा प्राप्त सुझावों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। विधायक ने पैदल भ्रमण करते हुए मां कामाख्या धाम मंदिर के समीप जंगलों के बीच स्थित श्री मेधा ऋषि आश्रम के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व से रू-ब-रू कराया। कहा कि क्षेत्र में अभी और विकास कार्य प्रस्तावित हैं। नगर पंचायत मां कामाख्या धाम द्वारा मंदिर से मेधा ऋषि आश्रम तक ई-रिक्शा संचालन की योजना है, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। इस मौके पर मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के अध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ल, रोहित तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाबा श्याम दरबार में भजन संध्या, झूमे भक्त

भेलसर, अयोध्या

**अमृत विचार :** कटरा मोहल्ले में श्री श्याम युवा मण्डल रुदौली के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा मधुर भजनों का आनंद लिया। भजनों का शुभारंभ युवा मण्डल के स्थानीय भजन प्रवाहक उत्कर्ष गुप्ता एवं मनीष चौरसिया ने गणेश वंदना से किया।

जयपुर से पधारे भजन गायक आयुष सोमानी ने कलियुग का राजा खाटू नरेश, दीनानाथ मारी बात छानी कोनी तेरे से की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली से आई भजन गायिका रितु पंचाल के भजनों पर श्याम प्रेमियों ने गुलाल एवं फूलों की होली खेल कर फाल्गुन माह का आभास कराया। बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया। विधायक रामचंद्र यादव, डॉ. श्याम गुप्ता, हर्ष डालमिया, बृज किशोर, गोविंद बाबू आदि मौजूद रहे।



खाटू श्याम दरबार रुदौली में भजन प्रस्तुत करतीं भजन गायिका। अमृत विचार

व्यवस्था | डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने कसी छोटे कॉलेजों की नकेल

# 500 से कम छात्र वाले महाविद्यालयों को नहीं मिलेगी एनओसी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध छोटे महाविद्यालयों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत अब महाविद्यालय संचालन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में सख्ती बरती जा रही है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि 500 से कम छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों को अब संचालन हेतु एनओसी नहीं मिलेगी। नई नीति के अनुसार, एक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान के लिए न्यूनतम 1500 से 2000 छात्रों की आवश्यकता बताई गई है, ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके और शिक्षा स्तर ऊंचा उठाया जा सके।



● नई शिक्षा नीति के तहत कवायद

अयोध्या मंडल के चारों जिलों अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर में स्थित 85 से अधिक महाविद्यालय इस मानक से नीचे हैं। इनमें अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित छोटे डिग्री कॉलेज हैं, जहां छात्र संख्या 200-400 के बीच है। विश्वविद्यालय के इस फैसले से इन महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द होने या संचालन ठप होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। कई प्रबंधक इस नीति को अव्यवहारिक बता रहे हैं, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में छात्र संख्या बढ़ाना आसान नहीं। वे तर्क देते हैं कि छोटे महाविद्यालय स्थानीय स्तर पर लड़कियों और गरीब वर्ग की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रबंधकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात कर चुका है और इस नीति पर पुनर्विचार की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि न्यूनतम छात्र संख्या की शर्त को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए या छोटे महाविद्यालयों के लिए विशेष छूट दी जाए।

> कम छात्रों वाले महाविद्यालयों का संचालन मुश्किल है। इसीलिए नई शिक्षा नीति के तहत छात्र संख्या का मानक निर्धारित किया गया है। अभी केवल नोटिस दी जा रही है। -विनय कुमार सिंह, कुलसचिव, अवध विवि।

# गुप्तारघाट पर राजकीय उद्यान में बन रहा अत्याधुनिक गेस्ट हाउस

120.90 लाख की लागत से 100 वर्ग मीटर में हो रहा निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** गुप्तारघाट पर पर्यटन को नई ऊंचाई देने वाली एक महत्वपूर्ण परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यहां राजकीय उद्यान में विभाग की ओर से एक अत्याधुनिक गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य जोरों पर है। यह गेस्ट हाउस 120.90 लाख रुपये की अनुमानित लागत से तैयार किया जा रहा है और इसका क्षेत्रफल लगभग 100 वर्ग मीटर है। यह परियोजना राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को कार्यदाई संस्था के रूप में सौंपी गई है। भवन जी प्लस वन (ग्राउंड प्लस वन) मंजिला होगा। जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि भूतल पर एक सुंदर सुइट, बेडरूम और हाल का निर्माण किया जा रहा है, जबकि प्रथम तल पर भी इसी तरह की व्यवस्था होगी। गेस्ट हाउस में एसी कक्ष, आधुनिक सभागार और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो इसे प्रशासनिक अधिकारियों के ठहराव के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाएंगी। यह गेस्ट हाउस मुख्य रूप से प्रशासनिक और आधिकारिक उपयोग के लिए बनाया जा रहा है, जहां अधिकारी या अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ठहर सकेंगे। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता संजय सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य को मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे जल्द ही यह सुविधा शुरू हो सकेगी।



राजकीय उद्यान में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस। अमृत विचार

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कटरा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि महाराष्ट्र निवासी एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी रामबाबू उर्फ़ छोटू निवासी चहलवा चरेरा को उपनिरीक्षक नितिन उपाध्याय की टीम ने मंगलवार को तिलका तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### घर में नजरबंद करने का लगाया आरोप

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** जय भीम जय समाजवाद संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष गौतम ने कौड़िया पुलिस पर उनके गांव सेमरा जाकर घर पर नज़रबंद किये जाने का आरोप लगाया है। सुभाष ने बताया कि वह सोमवार को सुबह समर्थकों के साथ यूजीसी द्वारा लाए गए कानून को लागू किये जाने के समर्थन मे गोंडा मुख्यालय पैदल मार्च करने के लिए जा थे। इसी बीच आर्यनगर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें नजरबंद कर दिया गया। चौकी प्रभारी राजीव कनौजिया ने बताया कि शांति व्यवस्था के उद्देश्य से उन्हें गोंडा मुख्यालय जाने से मना किया गया था। नजरबंद किये जाने का आरोप गलत है।

### आत्महत्या को उकसाने का वांछित गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** आत्महत्या के को उकसाने के एक गंभीर मामले में कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वांछित को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पहले से ही न्यायालय में मामला विचाराधीन था। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने ग्राम सरहरा थाना इटियाथोक निवासी अजय पाण्डेय को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में घटित एक घटना में युवक दिव्यराज पाण्डेय को बहला-फुसलाकर गोण्डा लाया गया था, जहां उस पर मानसिक व अन्य प्रकार का दबाव बनाया गया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी अजय पाण्डेय की भूमिका प्रकाश में आई, जिसके बाद से वह वांछित चल रहा था।

# हादसों में रेल अधिकारी की मौत, 7 घायल

## जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुईं दुघटनाएं, घायलों को उपचार के लिए भेजा गया अस्पताल

**बेलगाम रफ्तार**

**गोंडा, कार्यालय**

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक रेल अधिकारी की मौत हो गयी जबकि सात लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

कुदुकरखी चीनी मिल के समीप ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मंडल वाणिज्य अधीक्षक अरविंद कुमार रेलवे के कार्य से मनकापुर गए थे। वापस लौटते समय कुदुकरखी चीनी मिल के पास उनकी स्कूटी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें रेलवे



घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। ● अमृत विचार

चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक डीसीआई अरविंद कुमार अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल : नवाबगंज:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के रघुराज नगर टिकरी चौराहे पर मंगलवार की सुबह रफ्तार ने कहर बरपा दिया। करीब 8:40 बजे तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी सूरज कुमार व एंबुलेंस पायलट अखिलेश की मदद से तीनों घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए सभी को गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों की पहचान कुंदन (18) पुत्र मुन्ना लाल निषाद, बलराज निषाद (18) पुत्र राजकुमार निषाद निवासी पर्वती थाना नवाबगंज तथा वाजिद अली (19) निवासी बहदुरा नैपुरिया थाना वजीरगंज के रूप में हुई है। तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वजीरगंज थानाध्यक्ष विपुल पांडे ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### कार की ठोकर से ई-रिक्शा सवार चार घायल

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कार व ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत में ई-रिक्शा पलटने से उसमें बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार ले जाया गया। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टर ने दो को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया। मंगलवार की दोपहर रामापुर से बहराइच की ओर जा रही बिना नंबर प्लेट कार ने कैथोली की ओर से आ रही ई-रिक्शा को गौरवा जानीपुर मोड़ पर सामने से टक्कर मार दी। पूरे बदल निवासी लेखराज अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बिरवा के कंजहई पुरवा गांव रिश्तेदार के घर बरही संस्कार में जा रहे थे। टक्कर में लेखराज (40), संगीता (30) करिश्मा (16) व हिमांशु (9) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें डायल 108 से सीएचसी कटरा बाजार ले जाया गया। अधीक्षक डॉ. इंदु राणा ने बताया कि लेखराज के दाहिना पैर व हाथ फैक्चर है व सिर पर चोटें आई है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज गोंडा के लिए रेफर किया गया है। वहीं संगीता व हिमांशु का उपचार कर घर भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में कार को कब्जे में लिया गया है। चालक फरार है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# नाबालिग से मजदूरी कराने के मामले में जांच के आदेश

- वीसी का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश, नायब तहसीलदार करेंगे मामले की जांच

**करनैलगंज, गोंडा**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में मनरेगा योजना में नाबालिग से मजदूरी कराने के मामले उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने प्रकरण की जांच कराने और नाबालिग को बालिग दिखाकर पंजीकरण करने वाली वीसी (वेरिफिकेशन एजेंसी) का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पहाड़ापुर निवासी अन्नू पुत्र अख्तर अली ने एसडीएम को लिखित शिकायत व साक्ष्य सौंपते हुए बताया कि गांव का अब्दुल मारूफ वर्ष 2025 से मनरेगा में मजदूरी कर रहा है। उसके नाम से जॉब कार्ड बना हुआ है और भुगतान सूची में भी उसे मजदूरी का भुगतान दर्शाया जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने विद्यालय के अभिलेख प्रस्तुत किए, जिसमें अब्दुल मारूफ की जन्मतिथि फरवरी 2010 दर्ज है, जिससे उसका नाबालिग होना स्पष्ट होता है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय के अंकपत्र और प्रधानाध्यापक के प्रमाण पत्र से नाबालिग होने की पुष्टि हो रही है। ऐसे में मनरेगा में धांधली की आशंका प्रबल है। उन्होंने मामले की विस्तृत जांच नायब तहसीलदार को सौंपी है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि नाबालिग को मजदूर दिखाने वाले वीसी का लाइसेंस निरस्त किया जाए और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एसडीएम ने कहा कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 786 ग्राम गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना छपिया पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बभनी रेलवे क्रासिंग के पास स्थित एक गुमटी से गांजा बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 786 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम 9 फरवरी की शाम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि बभनी रेलवे क्रासिंग तिराहे के पास एक गुमटी में अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर दबिश दी और ग्राम सबना थाना खोडारे निवासी राकेश कुमार उर्फ चिरई को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 786 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त के विरुद्ध थाना छपिया में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।




मुर्शिदाबाद रवाना होते विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता मुर्शिदाबाद रवाना

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के आह्वान पर सैकड़ों कार्यकर्ता बहराइच रोड स्थित बस स्टेशन के निकट जनसंपर्क कार्यालय से मुर्शिदाबाद के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और संगठन के समर्थन में नारेबाजी भी की गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश आर्य ने कहा कि सैकड़ों कार्यकर्ता वाराणसी में एकत्रित होकर आगे की रणनीति के तहत आंदोलन को गति देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हुमायूं कबीर द्वारा निर्माण कराए जा रहे ढांचे को लेकर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद देशव्यापी आंदोलन करेगी और संगठन इसके खिलाफ निर्णायक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में 09 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर से एक विशाल यात्रा की शुरुआत की गयी। यह यात्रा देश के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी और इसका प्रभाव पूरे भारत में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हिंदू समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक होगी तथा परिषद अपने घोषित उद्देश्यों को लेकर पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने करनैलगंज कोतवाली का किया निरीक्षण



कोतवाली करनैलगंज का निरीक्षण करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने मंगलवार को कोतवाली करनैलगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों की जांच की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने त्योहार रजिस्टर, एससी/एसटी रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटरों का विवरण, रजिस्टर संख्या-8, मालखाना, अभिलेखागार, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, महिला शक्ति हेल्प डेस्क और थाना दिवस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति देखी। उन्होंने बैरक की साफ-सफाई और असलहों के सुरक्षित रखरखाव के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि हवालात में रखे जाने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों के प्रभावी निस्तारण और महिला से जुड़े अपराधों में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय, एसएसआई बृजराज प्रसाद, उप निरीक्षक सरफराज खान, उपनिरीक्षक अभिनव कुमार, दीपक मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम में उठीं समस्याएं



चौपाल में जुटे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड झंझरी के ग्राम पंडरी शंकर में ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन (आईएएस), जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव तथा खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने घूर गड्ढे पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उसे मुक्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने 17 बिस्वा आबादी की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

### जर्जर पुल पर लगने वाली जाम की व्यथा सुनाई



हस्ताक्षर अभियान चलाते स्थानीय व ग्रामीण। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** जर्जर बिसुही पुल के लिए चौथे दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। शासन-प्रशासन व कोई जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। हजारों की संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ही बात कही कि जर्जर पुल का नवनिर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। मुरली पुरवा निवासी शुभम तिवारी ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है जिससे डेली बलरामपुर आना जाना लगा रहता है। और पुल पर लगे जाम के कारण डेली डेढ़ से दो घंटे की देरी से पहुंचता है। कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि अब तक 4257 लोगों ने इस अभियान में हस्ताक्षर कर पुल का निर्माण जल्द कराने की मांग की। इस मौके पर अभिषेक वर्मा, उमेश यादव, दीनानाथ, अमित शुक्ला, विशाल वर्मा, सूफियान, दीनदयाल आदि थे।

# आईजीआरएस निस्तारण में गोंडा पुलिस फिर अव्वल

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से मिली सफलता

**गोंडा, कार्यालय**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में गोण्डा पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में गोण्डा पुलिस को यह उपलब्धि मिली है।

एसपी विनीत जायसवाल के नेतृत्व में जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण को प्राथमिकता दिए जाने का परिणाम है कि जनपद को यह सम्मानजनक स्थान प्राप्त हुआ। एसपी ने इस उपलब्धि पर समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं आईजीआरएस शाखा के अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।एसपी ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की शासन स्तर पर प्रत्येक माह समीक्षा की जाती है। समीक्षा एवं फीडबैक के आधार पर ही प्रदेश के सभी जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। त्वरित और बेहतर निस्तारण ही जनपद की रैंकिंग का आधार बनता है। एसपी ने आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी एवं उनकी टीम के कार्यों की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए इसी निष्ठा से कार्य करने के लिए उत्साहित किया। आईजीआरएस टीम में निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी शाखा प्रभारी, उपनिरीक्षक रामसुंदर, आरक्षी वी.पी. कुमार, राम नरेश, चन्दन प्रसाद, चंद्रगुप्त मौर्य, महिला आरक्षी शिखा वर्मा, प्रीति, दीपा कुशवाहा, अनीता गुप्ता व नैंसी गुप्ता शामिल रहीं।

## दो बार पीएम के बाद भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** विवाहिता के शव का दोबारा पोस्टमार्टम के बाद भी मौत का कारण नहीं स्पष्ट हो सका। विसरा सुरक्षित कर पुलिस अब विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजेगी। थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनापुर बेलभरिया में शनिवार प्रातः पम्मी (27) पत्नी मन्नू तिवारी की ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। बहराइच के हुजूरपुर थाना के बउआ बसंतपुर निवासी मृतका के पिता महेश शुक्ल ने बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पति सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जहां दो डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इस पर मृतका के पिता ने एसपी से पुनः पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। पुलिस ने चिता से शव उठाकर दोबारा पोस्टमार्टम को भिजवाया। तीन डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। लेकिन इस रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ।

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की ठोस नींव

**विदाई समारोह**

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** नगर पंचायत धानेपुर स्थित चन्द्रशेखर शुक्ल कृषक बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल उर्फ बबलू भइया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। फेयरवेल पार्टी के अवसर पर जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक, देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान इंटर फाइनल की छात्रा वर्षा शर्मा को



छात्रा को सम्मानित करते विद्यालय प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल व अन्य। ● अमृत विचार

विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वर्षा शर्मा ने अब्दुल कलाम प्रतियोगिता में जिले में टॉप कर न केवल अपने माता-पिता और कॉलेज, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता प्रानजी शर्मा, गुरुजनों विशेषकर शिक्षक रामनाथ गुप्ता को देते हुए कॉलेज प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गर्ल्स स्कूल की स्थापना से ग्रामीण परिवेश की बेटियों को शिक्षा का बेहतर अवसर मिला है। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत कॉलेज की प्रिंसिपल करिश्मा पांडेय ने किया। समारोह में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास द्विवेदी, शिक्षक अजय कुमार मिश्र, वीरेंद्र पांडेय, नरेंद्र दूबे, वीरेंद्र दूबे, लिपिक जगदम्बा कनौजिया, जगदम्बा प्रधान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी देगा रथ



जागरूकता रथ को रवाना करते एसपी विनीत जायसवाल। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर जनपद में पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय परिसर से बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानून की जानकारी देगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की तैयारी या आशंका दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। है। जागरूकता रथ जनपद के सभी विकासखंडों, गांवों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों और बाजारों में पहुंचकर लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देगा।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** दुबहा बाजार के नंदकिशोर मेमोरियल चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि कटरा बाजार ब्लॉक के प्रमुख प्रतिनिधि भवानीभीख शुक्ल व जिलापं सदस्य श्रवण कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना से किया। ज्योति, वैष्णवी, अंश, माही, शिवानी, सचिन, सुजीत शर्मा, मोहनी, अंशिका, हर्षित, डिंपल, निखिल कश्यप, राबिया, श्रद्धा, सृष्टि आदि छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक व नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधक विजय शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन मंडल के सुप्रसिद्ध कवि रवींद्र कुमार पांडेय द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह, अधिवक्ता दुर्गेश विश्वकर्मा, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्रीराम पाठक, शिक्षक नेता महेश्वर बक्श सिंह, श्री नारायण शुक्ल, पवन कुमार गुप्त, महावीर शर्मा, कुमकुम सिंह, सावित्री, संजय श्रीवास्तव, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### नेतृत्व क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** बीआरसी परिसर में सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता संवर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री पवन कुमार सिंह के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित पांडेय, प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रशिक्षण कर्ता सीमा हैदर, सविता तिवारी, एआरपी मयंक मिश्रा, कार्यालय सहायक प्रवीन कुमार मिश्रा, अमरजीत वर्मा, सुरेंद्र कुमार सहित संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रान्त स्तर पर मजबूती से उठाने के लिए संगठन से सहयोग की अपेक्षा जताई। प्रान्तीय संयुक्त मंत्री पवन कुमार सिंह ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा। इस मौके पर प्रवीण कुमार, श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा,वीरेंद्र तिवारी, सतीश चौधरी, हरि कृष्ण पांडेय,राधेश्याम गुप्ता, अशोक कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

**शिव महापुराण कथा** | **डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का समापन**

# जरूरत पड़ी तो गौमाता को अपना खून भी दूंगा : कौशिक महाराज

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार :** डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा के अंतिम दिन पुराण मनीषी कौशिक महाराज ने कहा कि गौमाता की रक्षा करना सबसे पुनीत कार्य है। आवश्यकता पड़ी तो वे अपना रक्त भी दे देंगे।

उन्होंने महाशिवपुराण की कथा में बारह ज्योतिर्लिंगों की महानता दिव्यता का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन गौ सेवा के लिए समर्पित कर दिया है, अगर आवश्यकता पड़ी तो गाय माता के लिए अपना खून भी दे सकते हैं। जनमानस से आग्रह किया कि गौ माता का अनादर मत कीजिए यथासंभव गौपालन कीजिए और गौशालाओं में जितनी भी सेवा-दान हो सके करते



कथा सुनाते कौशिक जी महाराज।

रहिए। ईश्वर में आस्था विश्वास बनाए रखें, भगवान भोले की भक्ति में श्रद्धा भाव रखें और हमेशा यह ध्यान रखें कि जीवन संघर्षशील है। हमेशा आत्मबल को मजबूत रखें। महाराज जी ने कथा में शामिल सभी भक्तजनों और विशेष रूप से कथा की सफलतम पूर्णाहुति के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। विशेष रूप से कौशिक महाराज ने डॉ. लक्ष्मीनाथ पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर साधुवाद दिया। आयोजक डॉ. राजेश पाण्डेय व प्रतिभा पाण्डेय ने सहयोग देने वालों व कथा में शामिल होने वाले भक्तों का आभार जताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, ब्लॉक प्रमुख सुमित भूषण सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा, मनोज चौबे, दुर्गेश सिंह, सांसद गोण्डा प्रतिनिधि राजेश सिंह, संतोष शुक्ला, राम नरेश पाण्डेय, धैर्य पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, विशाल शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, डॉ. सुनील पाठक, डॉ. विश्वास पाण्डेय, विकास पाण्डेय, चंद्र मोहन मिश्रा सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।



छप्पन भोग लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीमद्भागवत कथा में गूंजी राधे-कृष्ण की महिमा

**गोंडा, नवाबगंज, अमृत विचार :** सिरसा कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन हुआ। सोमवार की सायं आयोजित कथा में व्यास पीठ से पंडित अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कालिया दमन का प्रसंग यह संदेश देता है कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली हो, अंत में विजय धर्म की ही होती है। जंग बहादुर लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव ने पत्नी अंशिका संग व्यास पीठ का पूजन किया। कार्यक्रम में राधेश्याम पांडेय, अवधेश पांडेय, कुंवर बहादुर सिंह, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, कप्तान पाठक, दिलीप पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## यूजीसी के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर यूजीसी को तत्काल लागू करने की मांग की है। मंडल प्रभारी जयशंकर गौतम के अगुवाई में दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि यूजीसी को तत्काल लागू किया जाए। छात्रों के साथ हो रहे भेदभाव की शिकायत के लिए हेल्पलाइन की शुरुआत की जाए। सभी केंद्रीय विवि में एससी एसटी तथा ओबीसी की जनसंख्या के अनुपात में उपकुलपति नियुक्त किया जाए। बैकलाग पदों को भरा जाए। यूजीसी को किसी भी दशा में वापस न लिया जाए । प्रदर्शन करने वालों में रमेश कुमार पासवान, रामनिवास गौतम, गुफरान खान, ताहिर, प्रेम नाथ, आशीष मोर्य, विनोद कुमार गौतम, महेश, मोहित, देवी प्रसाद, मिथिलेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेटियों का स्वास्थ्य ही विकसित भारत की नींव: राज्यपाल

## कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम को किया संबोधित, टीबी मरीजों को दी पोषण पोटली

संवाददाता, बलरामपुर


राज्यपाल का बुके देकर स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्ष। • अमृत विचार


बालिका को पोषण पोटली वितरित करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य और शिक्षा ही विकसित भारत की असली बुनियाद है। जब तक समाज की हर बेटी स्वस्थ, शिक्षित और सुरक्षित नहीं होगी, तब तक देश के समग्र विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को हर हाल में साकार करने का आह्वान भी किया। राज्यपाल मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार द्वारा बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए एचपीवी वायरस के विरुद्ध विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। 9 से 14 वर्ष की आयु की बच्चियों को टीके की दो डोज लगाए जाने से लगभग 95 प्रतिशत तक सुरक्षा मिलती है। यह टीकाकरण 26 वर्ष की आयु तक कराया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भ्रम में न रहें और अपनी बेटियों का समय से टीकाकरण अवश्य कराएं।

उन्होंने कहा कि तीन वर्ष का बच्चा आंगनबाड़ी और छह वर्ष का बच्चा विद्यालय जाए, तभी स्वस्थ और शिक्षित भारत का सपना साकार होगा। राज्यपाल ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को स्वयं आगे आकर इन्हें रोकना होगा। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को रुचि के अनुसार विषय चुनने की आजादी दी है, जिससे बहुआयामी प्रतिभाओं का विकास संभव हुआ है। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने बालिकाओं को पोषण किट और टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। जनपद आगमन पर राज्यपाल का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, जिपं अध्यक्ष आरती तिवारी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व डीपी सिंह बैंस सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां पाटेश्वरी विवि में कुलाधिपति वाटिका व सरोवर का किया लोकार्पण


पौधरोपण करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**बलरामपुर अमृत विचार :** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान मां पाटेश्वरी विवि पहुंचीं। यहां उन्होंने विवि परिसर में नव-निर्मित कुलाधिपति वाटिका एवं सरोवर का लोकार्पण किया। इसके बाद राज्यपाल ने लगभग 150 करोड़ की लागत से संचालित विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। राज्यपाल का हेलीकॉप्टर पूर्वाह्न करीब 11:50 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरा। वहां से वे सीधे विवि परिसर पहुंचीं, जहां विवि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक सहित अन्य निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। इसके उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में विवि प्रशासन द्वारा शैक्षणिक नवाचार, पाठ्यक्रम विकास, सांस्कृतिक एवं धार्मिक अध्ययन तथा देवीपाटन मंडल की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विशेष प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी गई। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ शोध एवं नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने राज्यपाल को संस्थान की अब तक की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं से अवगत कराया। बैठक में चैत्र नवरात्र के दौरान मुख्य प्रशासनिक भवन के संभावित लोकार्पण को लेकर भी चर्चा की गई।

# दुकान में आग से लाखों का सामान व नकदी जली

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत पचपेड़वा के पुरानी बाजार में वर्षों से संचालित एक दुकान में बीती रात करीब 8:30 बजे अचानक शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा लगभग 15 लाख रुपये मूल्य का सामान एवं नकदी जलकर राख हो गया।

दुकान मालिक संतोष मोदनवाल ने बताया कि उनकी दुकान में वायर, झूमर, पंखे, कूलर, मिक्सर, इंडक्शन, बिजली कनेक्शन से संबंधित सामग्री सहित बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिक सामान रखा था। दुकान में रखी नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। सूचना मिलते ही लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण न पाया जाता तो आसपास की दुकानों को भी भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।


आग में जलकर खाक हुई दुकान। • अमृत विचार

# पांच सौ छात्रों ने दी बीएड की परीक्षा

- कुलपति ने किया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर


बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर में संचालित बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं, अनुशासन एवं गोपनीयता की स्थिति का जायजा लिया।

एमएलके पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 9 फरवरी से प्रारंभ हुई है। मंगलवार सुबह कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने केंद्राध्यक्ष प्रो. अरविन्द द्विवेदी, परीक्षा पर्यवेक्षक प्रो. अरुण कुमार सिंह तथा प्रो. वीणा सिंह की उपस्थिति में परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा प्रभारी डॉ. लवकुश पाण्डेय एवं सह परीक्षा प्रभारी डॉ. सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 532 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर कोविड एवं विश्वविद्यालय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर प्रो. एस.पी. मिश्र, प्रो. रेखा विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र प्रशासन को इसी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# मौसम में बदलाव से फसलों में बढ़ा रोग-कीट का खतरा

संवाददाता, बलरामपुर

- किसानों को नियमित निगरानी व समय पर छिड़काव की सलाह

**अमृत विचार :** जनपद में तापमान व आद्र्रता में उतार-चढ़ाव के चलते सरसों, चना, मटर, अरहर व सब्जी फसलों में रोग व कीट के प्रकोप की आशंका बढ़ गई है। कृषि विभाग ने किसानों से फसलों की नियमित निगरानी करने की अपील की है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी उपेन्द्र नाथ खरवार ने बताया कि सरसों की फसल में पुष्पावस्था के दौरान माहूं कीट का प्रकोप बढ़ सकता है। इसके नियंत्रण के लिए नीम ऑयल 1.5 लीटर या डाईमेथोएट 30 ईसी 750 मिली प्रति हेक्टेयर 400-500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। तुलासिता व अल्टरनेरिया रोग के लिए मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी दो किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

चना, मटर व अरहर में फलीवेधक कीट के नियंत्रण के लिए खेत की मेड़ पर गेंदा ट्रैप क्रॉप के रूप में लगाएं। आवश्यकता पड़ने पर एथियन 50 ईसी 1.2 लीटर या फ्लूबेंडामाइड 39.35 एससी 100 मिली प्रति हेक्टेयर 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि कीट या रोग की स्थिति में किसान व्हाट्सएप नंबर 9452247111 व 9452257111 पर फोटो भेजकर सलाह ले सकते हैं।

## राजकीय हाईस्कूल में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव


कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। • अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल अकौनी में हर्षोल्लास के साथ पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ। शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह मुख्य अतिथि जबकि विशिष्ट अतिथि राजकीय हाई स्कूल टिकरिया की प्रधानाचार्या अमिता पांडेय रही। अजीत सिंह ने कहा कि आप सब लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कीजिए और अपने माता पिता के सपनों को पूरा कीजिए। अमिता पांडेय ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है अनुशासन में रहते हुए हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। विद्यालय के आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हमेशा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कृष्ण कुमार शिवानी मौर्य और जितेंद्र मौर्य मेहंदी प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रुचि पांडेय, स्नेहा तिवारी और मालती, वार्षिक उपस्थिति में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कृष्ण कुमार, द्वितीय द्वितीय स्थान शिवानी मौर्या जबकि तृतीय स्थान पर जितेंद्र मौर्य के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं राहुल कसौधन रत्ना, मोहिनी, कविता गोल्डी, मुस्कान बानो आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुमंगला ने किया।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण से होता है नेतृत्व क्षमता का विकास


प्रशिक्षण में योगाभ्यास करते बीईओ, शिक्षक व बच्चे। • अमृत विचार

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड मुजेहना के कंपोजिट विद्यालय डेबरी कला में मंगलवार को एक दिवसीय स्काउट गाइड एवं जीवन कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मुजेहना समय प्रकाश पाठक ने की। प्रशिक्षण में मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से चयनित एक-एक छात्र एवं एक-एक अध्यापक ने सहभागिता की। मुख्य संदर्भदाता के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी समय प्रकाश पाठक के साथ ब्लॉक स्काउट मास्टर के.बी. लाल, सहायक स्काउट मास्टर कुलदीप शुक्ला, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, एआरपी राम संजीवन शुक्ला एवं शुभम सोनकर ने मार्गदर्शन प्रदान किया। टोली नायक के रूप में अर्चना सिंह, ऊषा वर्मा, पूनम मौर्या, इंद्रा, उमेश पांडेय, अंकेश ओझा, मनोज शुक्ला, विवेक मिश्रा, शुभम पटेल, मोहम्मद शाहिद, जयप्रकाश यादव, संदीप शुक्ला, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सुधाकर त्रिवेदी, ओमप्रकाश वर्मा, राहुल वर्मा एवं जयप्रकाश शुक्ला ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# प्रशिक्षण से विकसित होगा अनुशासन


रोवर्स- रेंजर्स शिविर का उद्घाटन करते अतिथि। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज में मंगलवार को पांचदिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन रोवर्स-रेंजर्स को अनुशासन और ध्वज शिष्टाचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में किया जा रहा है।

उद्घाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव सेवानिवृत्त कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव बीके सिंह, प्रो. अरविन्द द्विवेदी तथा प्रो. वीणा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि कर्नल वार्ष्णेय ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और आत्मनिर्भरता विकसित करना है। इस शिविर के माध्यम से आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, टेंट निर्माण और टीम वर्क जैसे कौशलों का प्रशिक्षण देकर युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाया जाता है। संयुक्त सचिव बी.के. सिंह ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स कॉलेज के कार्यक्रमों में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रो. अरविन्द कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रोवर्स प्रभारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया, जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ. वंदना सिंह ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निकाली जाएगी भव्य शिव बारात


शिव बारात की तैयारी बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

**बलरामपुर अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को नगर में निकलने वाली भगवान शिव की भव्य बारात की तैयारियों को लेकर रामलीला मैदान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने की।

उन्होंने बताया कि शिव नाट्यकला मंडल के तत्वावधान में इस वर्ष 57वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा, परंपरागत रूप से भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। महामंत्री डॉ. तुलसीश दुबे ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा आस्था और संस्कृति के समागम का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को शिव बारात रामलीला मैदान से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में बारह ज्योतिर्लिंग की झांकी, मां दुर्गा महिषासुर मर्दन झांकी, राम दरबार एवं ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी रहेंगी। शोभायात्रा रामलीला मैदान से अंबेडकर तिराहा, वीर विनय चौराहा होते हुए झारखंडी मंदिर पहुंचेगी, जहां भोलेनाथ के दर्शन के बाद पुनः वीर विनय चौराहा से सराय फाटक, सब्जी मंडी, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, बड़े पुल चौराहा, मेन चौक, मेजर चौराहा से होते हुए रामलीला मैदान लौटेगी। यहीं शिव विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सुनील कसेरा, अम्बरीष शुक्ला, जय प्रकाश, पप्पू गुप्ता, अभय कसेरा, भानु प्रकाश, अक्षय शुक्ला, अंकित त्रिपाठी, निशांत चौहान, वेद प्रकाश कारुष, अमित त्रिपाठी, ओम मोदनवाल समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

विद्यार्थी कल्याण के लिए सहपाठी सहयोग प्रणाली विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

# सहपाठी सहयोग से ही मानसिक सशक्तिकरण संभव



कार्यक्रम में अपने विचार रखते वक्ता। • अमृत विचार


उपस्थित छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर विद्यार्थी कल्याण हेतु सहपाठी सहयोग प्रणाली विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. रवि प्रताप पाण्डेय रहे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान आपसी समझ, संवेदनशीलता और संवाद से संभव है। डॉ. पाण्डेय ने डिजिटल गतिविधियों के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि देर रात तक रील और मोबाइल देखने से नींद प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि करियर की प्रतिस्पर्धा, कार्याधिक्य, पारिवारिक अपेक्षाएं और अव्यवस्थित जीवनशैली विद्यार्थियों में तनाव और अवसाद बढ़ा रही है। ऐसे में सहानुभूति रखने वाले सहपाठी और शिक्षक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह ने व्यावसायिक जीवन में तनाव प्रबंधन के उपाय बताए और अतिथियों का स्वागत किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. ममता शर्मा ने विषय की प्रस्तावना रखते हुए तनाव प्रबंधन में मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं की भूमिका स्पष्ट की। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक संतुलन भी आवश्यक है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को व्यवहारिक पहल में बदलने पर जोर दिया। मुख्य नियंता प्रो. अमन चंद्रा ने सहपाठी सहयोग प्रणाली की उपयोगिता बताते हुए कहा कि विद्यार्थी कई बार सहपाठी से अधिक सहजता से संवाद कर पाते हैं। प्रशिक्षित सहपाठी भावनात्मक सहारा बनकर मार्गदर्शन दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मानसिक समस्याओं से जुड़े प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ता ने उनके समाधान भी बताए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया गया। संचालन डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जय शंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर अनेक प्राध्यापक व शिक्षक उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद की तैयारी में आयी तेजी

गोंडा, कार्यालय



- छह एजेंसियों से 100 क्रय केंद्रों का प्रस्ताव हुआ प्राप्त

**अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार मार्च माह से गेहूं खरीद शुरू किए जाने की संभावना है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने खरीद एजेंसियों से प्रस्ताव मंगाकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए कुल छह एजेंसियों से 100 केंद्रों का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इनमें मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ (पीसीएफ) के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ (पीसीयू) के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 22, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के 3 तथा अन्य के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। प्रस्तावों का परीक्षण कर केंद्रों की सूची अनुमोदन के लिए शासन को भेजी जाएगी।

जिला प्रशासन ने गेहूं खरीद को पारदर्शी एवं सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रय केंद्रों पर तौल, बारदाना, भंडारण एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। खरीद के एवज में भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ऐसे स्थानों पर क्रय केंद्र खोले जाएंगे, जहां किसानों और वाहनों की पहुंच आसान हो। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गेहूं बिक्री के लिए समय रहते अपना पंजीकरण करा लें, ताकि खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 को नि:शुल्क नेत्र शिविर होगा आयोजित

**जरवलरोड :** जनसेवा की भावना को साकार करते हुए सीतापुर आंख अस्पताल के तत्वावधान में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 13 फरवरी शुक्रवार को डॉ. सोनू गुप्ता की क्लिनिक, जरवल कटरा (बहराइच रोड) पर किया जा रहा है। शिविर के मुख्य आयोजक डॉ. अरविंद सिंह (जिला सह संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ – कैसरगंज) एवं डॉ. एस0 पी0गुप्ता हैं जिनके प्रयासों से क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क नेत्र उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। आयोजकों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर इस पुनीत कार्य का लाभ उठाएं और जरूरतमंदों तक इस सूचना को अवश्य पहुंचाएं। यह शिविर सीतापुर आंख अस्पताल ट्रस्ट एवं साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### हादसे में युवक घायल

**जमुनहा( श्रावस्ती) :** हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र के असनी गांव निवासी बुधई (25) पुत्र राजितराम बाइक से अपने ससुराल मल्हीपुर थाना क्षेत्र कुंडा गांव गया था। मंगलवार लौटते समय जमुनहा बहराइच मार्ग स्थित बाजारन पुरवा के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। घटना में बुधई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया।

### जेएम कोर्ट का बहिष्कार समाप्त

**श्रावस्ती :** माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएम कोर्ट) के न्यायालय का बहिष्कार समाप्त करने का निर्णय लिया है। आज बुधवार से सभी अधिवक्ता जेएम कोर्ट पर न्यायिक कार्य करेंगे। यह जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि पांच फरवरी से न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती के कोर्ट का बहिष्कार चल रहा था। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ल, दिनेश कुमार पाठक, रामचंद्र वर्मा दाढ़ी वाला, विनोद कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिपाठी मौजूद रहे।

### 44 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**कैसरगंज बहराइच) :** स्थानीय शिक्षण संस्थान मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज के तत्वावधान में हज यात्रियों के शरीयत और चिकित्सा मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय 'हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर' का आयोजन किया गया, जिसमें में कुल 44 हाजियों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और प्रसिद्ध वक्ता मौलाना मुफ्ती महफूजुर रहमान और मौलाना अहमद अली नदवी ने हज के आध्यात्मिक महत्व और दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने हज यात्रियों से आग्रह किया कि वे इस पवित्र यात्रा के दौरान अपने व्यवहार को आदर्श बनाए रखें ।हज ट्रेनर जनाब एहसानुर रहमान ने मानचित्रों और व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से एहराम बांधने, तवाफ और सई के तरीके सहित अन्य हज अरकान का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मौलाना खालिद कासमी, मौलाना फखरुद्दीन कासमी, हाफिज वहीदुद्दीन, मौलाना रफीउद्दीन कासमी, मौलाना डॉ. मोहम्मद रिजवान कासमी, डॉ. अब्दुल अली, गुफरान अहमद, शुजाउद्दीन, मोहम्मद आजम, अतीक अहमद, शाबान अहमद रहे।

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें: डीएम

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई गोष्ठी, जिलाधिकारी ने अधिकारियों से किया आह्वान

संवाददाता, बहराइच



डीएम की मौजूदगी में सुरक्षित इंटरनेट की कला सिखाते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एनआईसी योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा एआई का सुरक्षित उपयोग करने तथा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026 में ''स्मार्ट तकनीकः सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज'' की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय की मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके। कहा कि साइबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गोष्ठी को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें। कार्यालय के सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ इस जानकारी को साझा करें तथा परिवार के युवा सदस्यों को अनिवार्य रूप से जागरूक किया जाय। डीएम ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बने। डीएम द्वारा गोष्ठी में मौजूद अधिकारियों से अपने अनुभव साझा करने की बात कहने पर कई अधिकारियों द्वारा अपने साथ हुए छोटे-मोटे फ्राड के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### आरती रथ को जिलाधिकारी ने किया रवाना

**बहराइच।** नि : शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2000 की धारा (ग) के अन्तर्गत जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक/पूर्व प्राथमिक कक्षा में अलाभित समूह/दुर्बल वर्ग के 03 वर्ष से लेकर 07 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय के प्रारम्भिक कक्षा की कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक नि :शुल्क प्रवेश हेतु लक्षित वर्ग में जनजागरूकता जाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से आरती रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी को निर्देश दिया कि जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए लक्षित वर्ग का शत–प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में आईटी पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 427 तथा शहरी क्षेत्र के 145 विद्यालय मैप्ड हैं। श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 2275 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में 864 उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों के सापेक्ष 03 चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए 02 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ हो चुका है। इस अवसर पर जिला समन्वय सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस वाहन ने सड़क किनारे खड़े लोगों को मारी टक्कर, मासूम की मौत

संवाददाता, बहराइच

- बहराइच-सीतापुर मार्ग पर हुआ हादसा, चार लोग घायल

**अमृत विचार।** बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित भगवान पुर चौराहे पर एक पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गया, हादसे में एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदी थाना क्षेत्र में स्थित भगवानपुर चौराहे पर मंगलवार दोपहर हरदी थाने का पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोगों पर चढ़ गया। हादसे में परी उम्र 30 वर्ष , सुनीता देवी , ज्ञान देवी , शन्नो व सात साल की मासूम कुसुम गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा, जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला ज्ञानदेवी ने बताया कि वह लोग मामा के यहां आयोजित बरही के कार्यक्रम में गए थे। आज सभी वापस लौट कर चौराहे के पास खड़े थे । तभी पुलिस की गाड़ी चढ़ गई। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस की गाड़ी से हादसे की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में घायल दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

**सिरसिया( श्रावस्ती), अमृत विचार।** बलरामपुर जिले के ग्राम अतरपरी निवासी लावधेश यादव (18) बाइक से सिरसिया क्षेत्र के जुड़ेपुरवा आया था। यहां से वह देर रात बाइक से जुड़ेपुरवा निवासी शिवम वर्मा (17) के साथ सिरसिया बाजार जा रहा था। सिरसिया क्षेत्र के अखण्ड परमधाम डगमरा सेतु के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में शिवम वर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लावधेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया था। यहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया था। जिसकी बहराइच ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना प बहराइच पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पयागपुर के रेलवे स्टेशन रोड का कायाकल्प शुरू

पयागपुर (बहराइच)

**खबर का असर**

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए 'अमृत विचार' में छपी खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। मसूदपुर चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग की बदहाली को लेकर प्रकाशित समाचार "बाबूजी धीरे चलना, बड़े रोड़े हैं इस राह में..." का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की है।

विधायक के कड़े रुख के बाद लोक निर्माण विभाग ने युद्धस्तर पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है खबर प्रकाशित होने के बाद विधायक सुभाष त्रिपाठी ने मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उन्होंने जल जीवन मिशन की खुदाई के बाद कई महीनों से खराब पड़ी सड़क की दयनीय स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ब्लॉक मुख्यालय, डाकघर और रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों को जोड़ने वाली इस सड़क की गुणवत्ता में कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद विभाग पूरी तरह हरकत में आ गया है। विधायक ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी है कि सड़क निर्माण के लिए बजट और संसाधनों की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित की जाए तथा 28 फरवरी तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि राहगीरों को इस 'नारकीय' सफर से स्थायी मुक्ति मिल सके।

# कानून व्यवस्था को प्राथमिकता पर रखें

संवाददाता, बहराइच



बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी, पुलिस अधिकारी व अन्य।

- त्योहारों को लेकर आयोजित बैठक में एसडीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** आसन्न पर्वों एवं त्योहारों तथा तहसील क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के दृष्टिगत तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहाँ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त एवं सतर्क निगरानी के साथ-साथ शांति समिति की बैठकों का नियमित आयोजन कर समाज के प्रबुद्धजनों, संभ्रांत लोगो से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाय। उच्चाधिकारियों को समय से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। अवैध गतिविधियों, अराजकतत्वों एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शराब, अवैध शस्त्रों एवं जुए-सट्टे जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए। पूर्व में चिन्हित उपद्रवी, हिस्ट्रीशीटर एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पर्वो एवं त्यौहारों के दौरान शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहूँप सिंह, थानाध्यक्ष नानपारा, मटेरा, रूपहड़िहा, खैरीघाट, ईओ नानपारा व रूपईडीहा, तहसीलदार व समस्त नांयब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### सद्भावना के प्रयास से थारू बाहुल्य गांव में पहली बार पहुंचेगी बिजली

**बहराइच।** विकास की दौड़ में अब तक अंधेरे का दंश झेल रहे मिहीपुरवा ब्लॉक के थारू बाहुल्य गांव 'सोहनी बलई' में अब बिजली की रोशनी पहुंचेगी। सामाजिक संस्था सद्भावना के विशेष प्रयासों और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की त्वरित कार्रवाई से गांव के उन 20 घरों को रोशन करने का रास्ता साफ हो गया है, जहाँ आजादी के इतने वर्षों बाद भी अंधेरा था। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंची थारू बेटियां आसमा व आयशा ने जिलाधिकारी को फूलों की डलिया भेंट कर अपना आभार जताया।



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को फूल भेंट करतीं आयशा व आसमां।

इन थारु बेटियों ने भावुक होते हुए कहा, साहब, अब हमारे घरों में भी रोशनी होगी। अब हमें अंधेरे में नहीं पढ़ना पड़ेगा और हम बेहतर ढंग से अपना जीवन यापन कर सकेंगे। यह मामला तब संज्ञान में आया जब 'सद्भावना' संस्था के प्रमुख योगेंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इन वंचित घरों की स्थिति से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पावर कॉरपोरेशन के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। इसके बाद अधिशाषी अभियंता (नानपारा) को अविलंब कार्य शुरू कर इन घरों को ऊर्जीकृत करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### बहराइच को हराकर जालौन रहा विजयी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम देवी पाटन मंडल वुमेंस सीनियर स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान में उद्घाटन मुकाबला खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि कैसरगंज सुनील सिंह रहे । मुख्य अतिथि ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया । मंगलवार के दिन डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच और जालौन के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बहराइच ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी बहराइच ने 24 .1 ओवरों में 10 विकेट पर 92 रन बनाई जिसमें गौरी ने सर्वाधिक 26 रनों का योगदान दिया। जालौन की ओर से आद्या सिंह ने 3 विकेट लिया, वहीं जवाब में जालौन ने मात्र 13 .3 ओवर में 10 विकेट से मैच जीत लिया। जालौन की ओर से राधिका ने सर्वाधिक 54 और अंशी ने 36 रनों का योगदान दिया । सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अंशी को वूमेन ऑफ द मैच दिया गया ।निर्णायक की भूमिका में मान्या मिश्रा और शताक्षी अवस्थी रहीं ।मैदान पर टूर्नामेंट के निदेशक इशरत मोहम्मद खान , राशिद अली खान चांद, अभिषेक शुक्ला, अमित ठाकुर, हरेंद्र ,यश चौरसिया और तमाम क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे ।



खिलाड़ियों से परिचय लेते मुख्य अतिथि सुनील सिंह।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा समाधान

संवाददाता, बहराइच



पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के साथ बैठक करते सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह।

**सैनिक बन्धु की बैठक**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह कहा कि पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों एवं परिजनों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने बैठक में मौजूद पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से अपेक्षा की कि अपने लिखित आवेदन-पत्र उपलब्ध करा दें ताकि सम्बन्धित विभागों के माध्यम से उनका निस्तारण कराया जा सके। बैठक के दौरान पूर्व सैनिक आनरेरी कैप्टन शब्बीर खां, पूर्व सैनिक के पुत्र सत्यवीर सिंह, आनरेरी सब लेफ्टिनेन्ट प्रहलाद कुमार दीक्षित, आनरेरी कैप्टन राम प्रीति, सूबेदार इन्द्र कुमार दूबे, सूबेदार देव शरण सिंह, सिपाही शिव बहादुर सिंह (वर्तमान में लेखपाल) की ओर से भूमि, वाहन ट्रांसफर, शस्त्र, बैंकिंग इत्यादि से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। सीआरओ ने आश्वस्त किया प्राप्त आवेदन-पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जायेगा।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी (अ.प्रा.), अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, लीड बैंक मैनेजर, जितेन्द्र कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि किशन लाल, अयुध लिपिक मोहम्मद रिजवान, वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्त सहित जिले के लगभग 50 पूर्व सैनिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# चार करोड़ रुपये की लागत से होगी संजय सेतु की मरम्मत

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की मरम्मत को लेकर एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के बीच विभागीय चर्चा को लेकर बैठक हुई। बैठक में मरम्मत कार्य और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर अहम निर्णय लिए गए।

एनएचएआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि संजय सेतु की मरम्मत के दौरान आवागमन बनाए रखने के लिए पीपे के पुल का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका एस्टीमेट फाइनल हो चुका है। पीपे के पुल के निर्माण पर लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जबकि संजय सेतु की मरम्मत पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 10 फरवरी से संजय सेतुपर आवागमन बंद नहीं होगा। पहले पीपे का पुल तैयार किया जाएगा, उसके बाद जब संजय सेतु का मरम्मत कार्य शुरू होगा, तभी आवागमन अस्थायी रूप से रोका जाएगा। फिलहाल अगले आदेश तक संजय सेतु पर यातायात सुचारू रूप से चलता रहेगा।

उन्होंने बताया कि संजय सेतु की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। पुल का इंस्पेक्शन जॉइंट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे संरचनात्मक सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मरम्मत का बजट अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण इस प्रस्ताव को एनएचएआई मुख्यालय से स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, मुख्यालय से अनुमति मिलते ही मरम्मत कार्य को तेजी से शुरू किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को टाला जा सकता है।

### कैंडल मार्च निकाल कर फूंका पाक पीएम का पुतला

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** पाकिस्तान के शिया मस्जिद में हुए विस्फोट को लेकर सोमवार देर शाम जिले में विरोध प्रदर्शन हुआ। नाराज शिया समुदाय के लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताते हुए कैंडल मार्च निकाला। साथ ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर आतंकवाद के विरुद्ध नारे लगाए ।पाकिस्तान के इस्लामाबाद में स्थित शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके को लेकर शिया समुदाय के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिसका लेकर सोमवार देर शाम को जमुनहा तहसील क्षेत्र के नासिरगंज में शिया समुदाय के लोग सड़क पर उतरे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री व सेना प्रमुख आसिम मुनीर का पुतला जलाया गया। साथ ही कैंडल मार्च निकाला और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शन के दौरान नायब तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि पाकिस्तान में कभी हिंदू, कभी पंजाबी तो कभी ईसाई तो कभी शिया समुदाय पर हमले हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि आतंकवाद और इस्लाम का दूर–दूर तक कोई रिश्ता नहीं है। जहां आतंकवाद है, वहां इस्लाम नहीं है। जहां इस्लाम है, वहां आतंकवाद नहीं है। इस दौरान अम्मार रिजवी, शादाब हुसैन, रेहान हुसैन, मीसम, आरिज़ सकलैन हैदर, मौलाना ताजुद्दीन आदि मौजूद रहे।




कैंडल मार्च निकलते शिया समुदाय के लोग।

### पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**कैसरगंज (बहराइच)।** उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली कैसरगंज परिसर में आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली, रमजान एवं ईद–उल–फितर को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, कोतवाली के समस्त उपनिरीक्षक क्षेत्र के शिव बारात आयोजक, शिव मंदिरों के पुजारी, ईद–उल–फितर के मौलवी, ग्राम प्रधान , पूर्व प्रधान एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि होली और रमजान जैसे पवित्र पर्व आपसी सम्मान और भाईचारे के साथ मनाए जाएं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, चेयरमैन युसूफ अली सोनू, मौलाना खालिद, समसुद्दीन, प्रमोद सिंह, मो . शरीफ, हीरालाल मौर्य, बद्रीबाबा, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण का दिया निर्देश

# जनता दर्शन में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता, श्रावस्ती



कलेक्ट्रेट में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम अश्विनी कुमार पांडेय। अमृत विचार



विभूतिनाथ मंदिर का सीओ व एसओ संग जायजा लेते एएसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में सोमवार डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व पुलिस कार्यालय में एसपी राहुल भाटी ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुना । साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में जिलाधिकारी को छह शिकायतें प्राप्त हुई। विभिन्न विभागों से सम्बन्धित इन शिकायतों का तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने क लिए डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर निस्तारण किया जाए। फरियादियों के शिकायत पत्रों का पंजिकाओ में अंकन करें। साथ ही शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों के फोन नम्बर पर जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें शिकायतों के निस्तारण की जानकारी के लिए भटकना न पड़े। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसलिए शिकायतो का निस्तारण कागज पर नही बल्कि धरातल पर दिखे। अधिकारी इसे सुनिश्चित करे नही तो कार्यवाही के लिए तैयार रहे। वहीं पुलिस कार्यालय में आई शिकायतों को सुनकर एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को निस्तारित करने का निर्देश दिया।

**एएसपी ने विभूतिनाथ मंदिर की सुरक्षा का लिया जायजा, सिरसिया (श्रावस्ती):** महाशिवरात्रि पर कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस सतर्क है। इसी के क्रम में मंगलवार को एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने सिरसिया के पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मंदिर पर तैनात होने वाली पुलिस, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश एवं निकासी मार्गों, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन के साथ संवाद कर व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की। इस दौरान सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय आदि रहे।

### पयागपुर में मानकों पर खरी न उतरने वाली चार गौशालाएं होंगी बंद

**पयागपुर (बहराइच)।** विकास खंड पयागपुर में गोवंश संरक्षण की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ब्लॉक की ऐसी चार गौशालाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया है, जहां गोवंशों की संख्या मानकों से काफी कम पाई गई थी खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशासनिक समीक्षा के बाद अस्थाई गौआश्रय स्थल त्रिकोलिया द्वितीय, शिवदहा, झाला तरहर और परसिया आलम को बंद करने की अनुमति दे दी गई है। इन केंद्रों के बंद होने से शासन पर पड़ने वाला अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम होगा बीडीओ ने स्पष्ट किया कि बंद होने वाले इन चार केंद्रों के सभी गोवंशों को सुरक्षित रूप से निकटवर्ती त्रिकोलिया प्रथम और वृहद गोसंरक्षण केंद्र झाला तरहर में शिफ्ट किया जाएगा।

